भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2669
जिसका उत्तर बुधवार, 10 अगस्त, 2016 को दिया जाना है

पंजाब से उद्योगों का स्थानांतरण

2669. सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले दस वर्षों में पंजाब से कई भारी उद्योग/उद्यम अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गए हैं जहाँ उन्हें केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिक प्रोत्साहन राशि मिलती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में पंजाब सरकार की क्षतिपूर्ति हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग): उद्योग राज्य का विषय है और इसलिए देश में उद्योगों से संबंधित कोई केन्द्रीकृत आंकड़ा भारी उद्योग विभाग में नहीं रखा जाता है। भारी उद्योग विभाग की भूमिका इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और सेक्टरों के प्रशासन तक सीमित है।

****